**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**08.12.2025/प्रादेशिक समाचार 1800बजे**

## वंदे मातरम

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी व स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम वह शक्ति है जो लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का मंत्र नहीं है, बल्कि यह भारत को उपनिवेशवाद की बेड़ियों से मुक्त करने का एक साधन है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा पैंशनरों के सभी लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी आगामी एक माह के भीतर पूर्ण कर दी जाएगी। शिमला में प्रदेश पैंशनर संयुक्त फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आज ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पैंशनरों की मांगों का समाधान सुनिश्चित कर रही है और उनकी विभिन्न देनदारियों की अदायगी भी समय–समय पर की जा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कर्मचारी सरकार की रीढ़ होते हैं और उनकी समस्याओं व मांगों का उचित समाधान करना प्रदेश सरकार का दायित्व है।

इस मौके पर प्रदेश पैंशनर संयुक्त फ्रंट के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि सरकार पैंशनरों की वित्तीय देनदारियों को शीघ्र बहाल करेगी।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में कोटखाई उपमंडल के उबादेश क्षेत्र में एक करोड़ 40 लाख रुपये से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय बघाल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान उबादेश क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि सड़कों के निर्माण में जुब्बल कोटखाई नावर क्षेत्र शीर्ष पर है और साथ ही शिक्षा व अन्य मूलभूत

सुविधाओं में भी यहां अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं। बाद में उन्होंने क्यारवी पंचायत में 48 लाख रुपये से निर्मित पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया।

**कंगना**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे को सशक्त करने का कार्य किया है। एक ब्यान में उन्होंने कहा कि सड़कें प्रदेश की जीवन रेखा हैं और केंद्र सरकार द्वारा सड़क व पुल निर्माण के क्षेत्र में किए गए कार्य आने वाले वर्षों में हिमाचल की प्रगति की मजबूत नीव सिद्ध होंगे। कंगना रणौत ने मनाली लेह सामरिक मार्ग पर सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के वर्चुअल उदघाटन के लिए केंद्र सरकार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सामरिक दृष्टि से देश की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**विनय कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि आपदा के बावजूद राज्य सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र सहित जनकल्याण के लिए बेहतर कार्य किया है। शिमला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि 11 दिसम्बर को मंडी में आयोजित होने वाले जनसंकल्प सम्मेलन में प्रदेश सरकार अपनी तीन साल की उपलब्धियों व आगामी विज़न को जनता के समक्ष रखेगी। विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के ज़िला अध्यक्षों की नियुक्तियां केंद्रीय आलाकमान द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह के भीतर पीसीसी की पूरी कार्यकारिणी भी गठित कर दी जाएगी।

**अग्निकांड**

कुल्लू ज़िला की मणिकर्ण घाटी के ढडेई गांव में बीती रात अग्निकांड की एक घटना में दो रिहायशी मकान, एक मंदिर की सरायं और भंडार जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

———————————